## सार-समाचार

### भंडार से निकले 4 करोड़ 63 लाख रूपए

**मंडफिया, (निसं)।** मेवाड़ अंचल के प्रमुख तीर्थ स्थल भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार का भंडार चतुर्दशी को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर की उपस्थिति में खोला गया। मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर ने बताया कि चतुर्दशी को खोले गए भंडार से 4 करोड 63 लाख 79 हजार रुपए नगद प्राप्त हुए। उन्होंने ने बताया कि भंडार से बची राशि एवं भंडार से निकले सोने चांदी का तोल होना बाकी है। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर ने बताया कि मंदिर कार्यालय में विभिन्न भक्तों द्वारा भेंट किए गए सोने चांदी का तोल एवं भक्तों द्वारा भेंट रुपयों की गिनती होना शेष है। इस मौके पर मंदिर मंडल की ओर से यात्रियों की सुविधाओं के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड सदस्य संजय कुमार मंडोवरा, अशोक शर्मा, भेरूलाल सोनी, ममतेश शर्मा, श्रीलाल पाटीदार, कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, कालू लाल तेली, कार्यालय के मनीष दाधीच, ऊंकार लाल अहीर, पूरण शर्मा, दीपक तिवारी सहित मंदिर एवं बैंक कर्मचारी उपस्थित थे।

### हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने युवक की हत्या कर लाख को पहाड़ियों के दर्रे में फैकने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार प्रार्थी धुला पुत्र अमरा मीणा निवासी माल थाना खेरवाड़ा ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी कि मेरा छोटा भाई प्रकाश उर्फ पकला (22) पुत्र अमरा अहारी जो 30 अगस्त को गवरी देखने के लिए गया था जो वापस घर नहीं आया। 9 सितंबर सांय कमदी पुलिया वाले पहाड़ी के दर्रे में एक युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिली। इस पर मौके पर जाकर देखा तो मेरे भाई की लाश थी। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पर्वतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक ऋषभदेव हेरंब जोशी के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलीपसिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने धुलाराम पुत्र हुरजी अहारी निवासी माल फला सामना थाना खेरवाड़ा को गिरफ्तार किया। जिससे पूछताछ की जा रही है।

### अवैध शराब से भरी कार जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** खेरवाड़ा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान अवैध शराब से भरी कार जब्त की। इस दौरान चालक फरार हो गया। जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पर्वतसिंह, पुलिस उप अधीक्षक हेरम्ब जोशी के सुपरविजन में खेरवाड़ा थानाधिकारी दिलीप सिंह झाला के नेतृत्व में गठित दल ने मुखबीर से बागपुर बस स्टेण्ड के पास खड़ी कार में अवैध शराब होने की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे। जहां पुलिस को देख कार चालक मौके से फरार हो गया। इस पर मौके पर पहुंच कर कार की तलाशी ली तो उसमें 27 कर्टन अवैध शराब के पाए गए। इस पर पुलिस ने शराब व कार जब्त कर अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

### इनामी बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** चोरी नकबजनी मामले में सात वर्ष से फरार पन्द्रह हजार रूपये के इनामी बदमाश को गोगुंदा थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर जैसलमेर पुलिस को सौंपा। प्रकरण के अनुसार जिला पुलिस अधीक्षक जैसलमेर के द्वारा 15 सितंबर 2023 को सात वर्ष से नकबजनी चोरी के मामले में फरार आरोपी सोमाराम पुत्र लादुराम गरासिया निवासी सुरण गोगुन्दा को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रजत विश्नोई के सुपरविजन में गोगुन्दा थानाधिकारी शैतानसिंह के नेतृतव में गठित दल ने सात वर्ष से फरार पन्द्रह हजार रूपये के इनामी बदमश को सुरण के जंगल से गिरफ्तार कर जेलमेर पुलिस को सुपुर्द किया।

### कन्हैयालाल बने सेवा समिति अध्यक्ष

**भीण्डर, (निसं)।** भीण्डर में सनातन धर्मोत्सव सेवा समिति की बैठक हीरालाल पण्डिया के मुख्य आतिथ्य में आयोजित की गई। जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी गठित करने का निर्णय किया। जिसके तहत कन्हैयालाल वेणावत को अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। वहीं कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष उदयलाल साहु, सचिव इन्द्रलाल चौबीसा, सहसचिव ललित चौबीसा, मंत्री यशवंत साहु, कोषाध्यक्ष नरेश विजावत, कार्यालय प्रमुख गिरिजालाल पण्डिया, व्यवस्था प्रमुख ऋषि भोजावत, प्रवक्ता मदन भोजावत, प्रचार प्रसार मंत्री प्रकाश व्यास, संगठन मंत्री हरिश कडवावत आदि को मनोनीत किया गया।

# श्रीराम शौर्य जागरण यात्रा का आतिशबाजी कर किया स्वागत

**देवगढ़, (निसं)।** विश्व हिंदू परिषद चित्तौड़ प्रांत के तत्वाधान में आयोजित श्री राम शौर्य जागरण यात्रा अपरान्ह कामलीघाट से देवगढ़ पहुंची जहां विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड देवगढ़ के कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों द्वारा भव्य आतिशबाजी कर शौर्य यात्रा का स्वागत किया गया। इस दौरान विजय घोष लगाते हुए स्वागत किया गया। आयोजित शौर्य यात्रा के दौरान श्री राम मंदिर की भव्य झांकी पर पुष्प वर्षा की गई उक्त शौर्य यात्रा देवगढ़ नगर के प्रमुख मार्गो से होती हुई मारू दरवाजा बाहर टैक्सी स्टैंड पर पहुंची और धर्म सभा में परिवर्तित हो गई।



श्रीराम शौर्य जागरण यात्रा देवगढ़ पहुंची।

आयोजित शौर्य यात्रा के बाद सभा में मंचासिन अतिथियों के रूप में सीताराम दास जी महाराज, सेंड माता मदारिया, प्रहलाद दास जी महाराज, नारायण दास जी महाराज राजावत मंदिर मुख्य वक्ता फतेहचंद सामसुखा विभाग संघचालक पूर्व प्रांत अध्यक्ष बीएचपी, कौशल गोड प्रांत संयोजक वीएचपी, राकेश हिंगड़, राजेश सांवरिया विभाग संयोजक भगवती लाल शर्मा जिला मंत्री मंचासीन सिंह थे।मुख्य वक्ता फतेहचंद सामसुखा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हिंदू जागरण के फल स्वरुप ही गीता जयंती के दिन 6 दिसम्बर 1992 को भारत माता पर लगा कलंक धूमिल हुआ और प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ। संपूर्ण देश में दीपावली से पूर्व एक उल्लास में एवं आनंद का वातावरण निर्माण करने के उद्देश्य से शौर्य यात्रा का शुभारंभ किया गया। शौर्य यात्रा के माध्यम से गांव-गांव यात्रा पहुंच कर हिंदू समाज को जागृत करने का आ ान किया जा रहा है शौर्य यात्रा के माध्यम से हिंदू समाज को जागृत करने का एक बड़ा अवसर है।इस जागरण की वेला में हिंदू समाज के जागरण के द्वारा भव्य मंदिर निर्माण के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। राष्ट्र निर्माण के दौरान कई बाधाएं हमारे सामने आ रही है हम देख रहे हैं कि किस प्रकार से आसुरी शक्तियां हिंदू समाज को तोड़ने का प्रयत्न कर रही है और सनातन सांस्कृतिक और नष्ट करने पर तुले हुए हैं। विरोधी शक्तियां हमारे धर्म संस्कृति आस्था और मान बिंदुओं पर चोट कर रहे हैं। वे लव जिहाद और लैंड जिहाद के माध्यम से हिंदू समाज को आघात पहुंचा रहे हैं और हिंदू समाज में विभिन्न भ्रांतियां फैलाकर उसे खंड-खंड करने का प्रयत्न किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि ऐसी विघटनकारी शक्तियों से निपटने एवं विरोधी शक्तियों द्वारा किए जा रहे गलत प्रयासों को रोकने के लिए हिंदू समाज को संगठित करने एवम् शोर्य जागरण की आवश्यकता है। और राष्ट्र गौरव को पुन स्थापित करने के लिए गांव-गांव शौर्य जागरण की आवश्यकता है। इसके लिए मेवाड़ ही नहीं विश्व के प्रेरणापुंज महाराणा प्रताप की विजयस्थली मैराथन ऑफ मेवाड़ दिवेर से प्रारंभ हुई शौर्य यात्रा का प्रथम पड़ाव देवगढ़ पहुंचा है ऐश्वर्या यात्रा से संपूर्ण हिंदू समाज आनंदित हो कर शौर्य यात्रा का स्वागत कर रहा है।

# नकबजनी मामले में चोर गिरोह का बदमाश गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने चोरी नकबजनी मामले में अन्तर्राज्यीय चोर गिरोह के बदमाश को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किए छह तोला सोने के जेवरात बरामद किए। प्रकरण के अनुसार 21 मार्च 2023 को दीपक कुमार पुत्र मनोहरलाल निवासी भदेसर हॉल सेक्टर 4 हिरणमगरी पीडित ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया कि मैं 21 मार्च दोपहर में मेरे मकान का अज्ञात चोर ताला तोड़ कर सोनेचांदी के जेवरात व 5 लाख की नकदी चुरा ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक भूवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनन्त कुमार, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के सुपरवजिन में दर्शनसिंह के नेतृत्व में गठित दल ने मामले में सांवरा पुत्र बद्रीलाल निवासी कोटीया कला फुलिया भीलवाड़ा को प्रोडक्शन वारंट जरिये अजमेर जेल से गिरफ्तार कर इसके कब्जे से चोरी किए 6 तोला सोने के जेवरात बरामद किए।


प्रारूप-10 (नियम-6(7) देखिए)

**कार्यालय पालिका मण्डल आमेट, जिला-राजसमन्द (राज.)**

क्रमांक/न.पा.आ./भूमि/2023-24/1105 दिनांक: 15/09/2023

**-:लोक - सूचना:-**

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित आवेदकों द्वारा कृशि भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात:-

| तहसील जिले का नाम | राजस्व नाम का नाम | खातेदार का नाम | खसरा नं./ आराजी नं. | क्षेत्रफल (हैक्टर में) |
|---|---|---|---|---|
| आमेट राजसमन्द | आमेट | श्री चन्द्र सिंह पिता भैरू सिंह निवासी सिंह निवासी आमेट, जिला-राजसमन्द | 2281 | कुल रकबा 0.9000 हैक्टर भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ |

उक्त भूमि या उसके भाग व्यक्तियों में व्यक्तियों के अधिकार/हित राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने की अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी भी कार्य दिवस पर कार्यालय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 15/09/2023को जारी की जाती है।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका आमेट


# स्नेह मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**उदयपुर, (कासं)।** जनार्दनराय नागर राजस्थान विद्यापीठ डीम्ड टू बी विश्वविद्यालय के संघटक लोकमान्य तिलक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के विद्यार्थियों की ओर से शुक्रवार को महाविद्यालालय के सभागार में आयोजित स्नेह मिलन समारोह का शुभारंभ कर्नल प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत, पीठ स्थविर डॉ. कौशल नागदा, प्राचार्य प्रो. सरोज गर्ग, डॉ. रचना राठौड, डॉ. सुनिता मुर्डिया, ने माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर किया।



विद्यापीठ में स्नेह मिलन समारोह का आयोजन हुआ।

रंगारंग कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं ने रंगी बिरंगी साड़ी, पारम्परिक परिधारों में राजस्थानी, पंजाबी, रिमिक्स गानों पर जम कर प्रस्तुतियॉ जिसमें घणी खम्मा नृत्य, गणपति वंदना, देश भक्ति गीत, मनवा लागे, आल्ड ईज गोल्ड हिन्दी रिमिक्स व कालबेलिया नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मौह लिया। इससे पूर्व विभिन्न समुहों में रस्सा कस्सी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।प्रो. सारंगदेवोत ने विधार्थियों का आव्हान किया कि जीवन में सफलता के लिए अनुशासन, टाईम मैनेजमेंट, क्रिटिकल थिंकिंग, कम्युनिकेशन स्कील्स जरूरी है जो आज आप द्वारा दी गई प्रस्तुतियों में देखने को मिली। सत्र प्रारंभ होने से पूर्व इस तरह के आयोजन कराने का उद्देश्य विधार्थी एक दूसरे को जान सके, पहचान सके। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम अन्य गतिविधियो को कराया जाना आवश्यक है इसलिए विद्यार्थियों को महाविद्यालय द्वारा आयोजित हर प्रतियोगिता में भाग लेना चाहिए, जीत हार कोई मायने नहीं रखता। उन्होने कहा कि विद्यार्थी किताबी ज्ञान के साथ व्यवहारिक ज्ञान को अपने जीवन में आत्मसात करेगे तो कभी असफल नहीं होगे। आज तकनीकी युग में युवा पीढी भारतीय, संस्कृति व सभ्यता को भुलती जा रही है और चिंता का विषय है।

## दो गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** सुखेर थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान कार्यवाही करते हुए दो पिस्टल बरामद कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। जिला पुलिस अधीक्षक भुवन भूषण यादव के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनन्त कुमार के सुपर विजन में सुखेर थानाधिकारी योगेन्द्र कुमार व्यास के नेतृत्व में रोहित उर्फ रोहिताश निवासी उनवास थाना खेमनोर हॉल गायवी नगर बडगांव व हुकमसिंह निवासी नामली ब्राम्हणों का खेरवज्ञडत्रा झाड़ोल हॉल बेदला सुखेर को गिरफ्तार किया।


**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, उदयपुर**

क्रमांक : LU2012/UDP/2023-24/102218 **लोक-सूचना** दिनांक: 24/07/2023

श्रीRAJKUMAR पुत्र श्रीNarayan Lal Meghwal जातिMeghwal निवासीMeghwalo ka mohalla, Th. Girwa, Manwa Khera, Udaipur

श्री LAXMAN पुत्र श्री Narayan Lal Meghwal जाति Meghwal निवासी Meghwalo ka mohalla, Th. Girwa, Manwa Khera, Udaipur ने इस कार्यालय में नीचेउल्लिखित भूमि का आवासीय प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क्र. सं. | ग्राम तहसील व जिले का नाम | खातेदार का नाम | खसरा सं. | क्षेत्रफल (वर्ग मीटर) | क्षेत्रफल (हैक्टे.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वाड़ा, बडगांव (उदयपुर) | RAJKUMAR AND LAXMAN | 4812/965,4814/965, 968 | 2977 | 0.2977 |
| | | | | कुल | 0.2977 |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर अपनी एसएसओ आईडी से लॉग इन कर 90-A For Development Authority (UDH) आईकॉन पर जाकर समर्थक दस्तावेज को अपलोड कर अपना आक्षेप दर्ज कर सकते है। उपर्युक्त नियम समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 24-07-2023 को जारी की गयी। प्राधिकृत अधिकारी नगर विकास न्यास, उदयपुर



राजस्थान सरकार

**कार्यालय राजस्थान मेडिकेयर रीलिफ सोसायटी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माण्डवा, ब्लॉक-कोटडा (उदयपुर)**

क्रमांक:/निविदा/14 दिनांक:-15.09.2023

**निविदा-सूचना**

कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माण्डवा, ब्लॉक कोटडा, जिला उदयपुर (राज.) पर वर्ष 2023-24 में इस कार्यालय के अधिन डिलीवरी पोंईटं चिकित्सा संस्थान पर सफाई व्यवस्था हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेन्सी से उक्त कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 16.09.2023 से 24.09.2023 को 04.00 बजे तक बेची जायेगी तथा दिनांक 25.09.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जाकर निविदा दिनांक 25.09.2023 को ही 02.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष कार्यालय खण्ड मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोटडा में खोली जावेगी :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | संस्थान का नाम | अवधि | अनुमानित लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा शुल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सफाई व्यवस्था (सफाई कर्मचारी मय सफाई सामग्री) | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माण्डवा | 1 वर्ष | 240000/- | 4800/- | 400/- रूपया |

**शर्ते :-**

1. धरोहर राशि "डी.डी." द्वारा "**राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र माण्डवा**" के नाम से माण्डवा में देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता किसी भी कार्य दिवस समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
4. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा यह किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कोई कारण बताये रद्ध कर सकता है।
5. दरें संस्थान हेतु देना अनिवार्य होगा।

**सचिव**
राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी
एवं चिकित्सा प्रभारी, माण्डवा
ब्लॉक कोटडा, उदयपुर


## लॉटरी निरस्त करने की मांग

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर हाउसिंग बोर्ड के मकानों की लॉटरी को लेकर विवाद हो गया। लॉटरी में नाम नही आने से नाराज लोगों डूंगरपुर एसडीएम की गाडी का घेराव कर दिया। लोगों ने लॉटरी में गडबडी के आरोप लगाए है और लॉटरी को निरस्त कर पर्चा डालकर लॉटरी खोलने की मांग की है। माहौल बिगडते देख कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची लोगों से समझाइश की। पुलिस की समझाईश के बाद एसडीएम की गाडी को वहां से रवाना किया गया। दरअसल, आज हाउसिंग बोर्ड के 63 मकानों के लिए डूंगरपुर में लॉटरी खोली गई। लॉटरी में नाम नहीं आने पर नाराज लोगों लॉटरी में गडबडी के आरोप लगाए। लोगों का कहना है किए नियम के अनुसार लॉटरी खुलने की पुरी प्रक्रिया को एलईडी पर प्रसारित करना था, लेकिन, ऐसा नहीं किया गया। वहीं, कुछ देर बाद लॉटरी में आने वालों नामों का अनाउंसमेंट कर दिया। जिसके बाद लॉटरी के नाम नही आने से नाराज लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय हॉल के परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, हॉल का एंट्री गेट बंदकर एसडीएम की गाडी का घेराव कर दिया।

# उदयपुर में एक दिवसीय कृषि शिक्षा मेला आज

**उदयपुर,, (कासं)।** माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कृषि विषय लेकर पढ़.चढ़ रहे युवाओं को अपने सुनहरे भविष्य के बारे में तनिक भी चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि कृषि एक ऐसा विराट और विहंगम क्षेत्र है, जहां रोजगार के एक-दो नहीं बल्कि हजार अवसर है।

यह बात महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने शुक्रवार को यहा पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि कृषि की महत्ता दो वर्ष पूर्व आई महामारी ने समझाई,खेती एक पुरानी विधा है महामारी के दौरान सारे उद्योग धन्धे प्रभावित हुए लेकिन खेती.किसानी कोई प्रतिकूल असर नहीं हुआ। जंगल कट चुके है और इसे मौसम तंत्र गड़बड़ा जाने से उत्पादन प्रभावित हुआ है। हर फसल को जमने के लिए एक निश्चित तापमान की आवश्यकता होती है जरूरत इस बात है कि कृषि में आउट ऑफ वाक्स की सोच रखने वाले



महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया।

युवाओं को कृषि क्षेत्र में आगे आना होगा एवं बदलते मौसम तंत्र के अनुसार खेती में कुछ नवाचार करने होंगे।उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों का कृषि के प्रति अभी से विजन खुले और कृषि में नए स्टार्ट अप से अपनी व अपने देश की तरक्की में एक नया आयाम जोड़ सके इसी ध्येय से 16 सितम्बर को एक दिवसीय कृषि शिक्षा मेला आयोजित किया जा रहा है राजस्थान कृषि महाविद्यालय के नूतन सभागार में आयोजित इस मेले में उदयपुर जिले में कृषि संकाय में अध्ययनरत साढ़े तीन से ज्यादा छात्र.छात्राएंए स्कूलों के प्रार्थाय प्रतिभागी बनेंगे जिन्हें कृषि वैज्ञानिक नई राह दिखाएंगे।

## लूटपाट की गैंग का खुलासा

डूंगरपुर, (निसं)। धम्बोला थाना पुलिस ने चोरी और लूटपाट की गैंग का खुलासा किया है। मामले में पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने धम्बोला थाना क्षेत्र में चोरी और लूट की चार वारदातें करना कबूल कर लिया है।

धम्बोला थानाधिकारी ने बताया कि कलालवाडा पीठ निवासी सत्यप्रकाश परिहार ने 9 सितंबर 2023 को थाने में रिपोर्ट दी थी। रिपोर्ट में बताया था कि 21 अगस्त 2023 की रात उनके मकान से चोरों ने 3 मोबाइल और 2 हजार रुपए चोरी कर लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर मामला दर्ज जांच शुरू की। जांच के दौरान रतनपुरा निवासी महेश उर्फ भूरालाल पुत्र लाल शंकर पांडोरए पंकज पुत्र देवा भगोरा और डोल कुंजेला निवासी गोपाल पुत्र भगवान मीणा पर शक हुआ। पुलिस ने तीनों युवकों को डिटेन कर पूछताछ की। पूछताछ में तीनों युवकों ने चोरी की घटना को अंजाम देना करना कबूल किया। इसके साथ आरोपियों ने सीमलवाडा में 21 अगस्त को महिला से चेन स्नैचिंगए 2 सितंबर को रतनपुरा में ट्यूबवेल से मोटर चोरी करना और 13 अगस्त को एक मकान से चोरी की वारदात को भी कबूल किया।


**कार्यालय राजस्थान मेडिकेयर रीलिफ सोसायटी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मामेर, ब्लॉक-कोटडा (उदयपुर)**

क्रमांक:/निविदा/20 दिनांक:-15.09.2023

**निविदा-सूचना**

कार्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मामेर, ब्लॉक कोटडा, जिला उदयपुर (राज.) पर वर्ष 2023-24 में इस कार्यालय के अधिन डिलीवरी पोंईटं चिकित्सा संस्थान पर सफाई व्यवस्था हेतु अनुभवी एवं पंजीकृत सेवा प्रदाता एजेन्सी से उक्त कार्य हेतु निविदा आमन्त्रित की जाती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 16.09.2023 से 24.09.2023 को 04.00 बजे तक बेची जायेगी तथा दिनांक 25.09.2023 को दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त की जाकर निविदा दिनांक 25.09.2023 को ही 02.00 बजे गठित कमेटी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी :-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | संस्थान का नाम | अवधि | अनुमानित लागत (रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा शुल्क (रूपये में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सफाई व्यवस्था (सफाई कर्मचारी मय सफाई सामग्री) | प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मामेर | 1 वर्ष | 240000/- | 4800/- | 400/- रूपया |

**शर्ते :-**

1. धरोहर राशि "डी.डी." द्वारा "**राजस्थान मेडिकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मामेर**" के नाम से मामेर में देय होगी।
2. निविदायें निहित प्रारूप में प्रस्तुत की जावेगी जिन्हें इस कार्यालय से निर्धारित शुल्क जमा करवाकर प्राप्त किया जा सकता है।
3. निविदा शर्ते कार्यालय में उपलब्ध है जिन्हें निविदादाता किसी भी कार्य दिवस समय में उपस्थित होकर देख सकता है।
4. समिति न्यूनतम दर वाली निविदा को स्वीकार करने हेतु बाध्य नहीं है तथा यह किसी भी निविदा या निविदा के किसी भाग को बिना कोई कारण बताये रद्ध कर सकता है।
5. दरें संस्थान हेतु देना अनिवार्य होगा।

**सचिव**
राजस्थान मेडिकल रिलीफ सोसायटी
एवं चिकित्सा प्रभारी, मामेर
ब्लॉक कोटडा, उदयपुर



**कार्यालय पंचायत समिति बड़गांव उदयपुर**

क्रमांक/पसब/लेखा/निविदा/2023-24/1212 दिनांक-12.9.2023

**हड्डी ठेका नीलामी खुली बोली सूचना संख्या 01/2023-24**

इस पंचायत समिति के अधीनस्थ समस्त 29 ग्राम पंचायतों के मृत पशुओं की हड्डीयां एकत्रित करने एवं उठाने का ठेका वर्ष 2023-24 की अवधि हेतु खुली बोली द्वारा दिनांक 20.09.2023 को दोपहर 02.00 बजे से अन्तिम बोली छुटने तक पंचायत समिति परिसर में रखी गई है इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार नियत समय पर उपस्थित होकर धरोहर राशि 50,000/- रूपये जमा कराकर बोली लगावें। विस्तृत जानकारी कार्यालय एवं sppp.rajasthan.gov.in पोर्टल पर देखी जा सकती है।

**UBN No - ZUD2324WSRCOO946**

**प्रधान** पंचायत समिति बड़गांव — **विकास अधिकारी** पंचायत समिति बड़गांव


# पर्यटन विकास की संभावनाओं व समस्याओं पर किया मंथन

**उदयपुर, (कासं)।** केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय की ओर से उदयपुर में पर्यटन विकास की संभावनाओं और समस्याओं पर मंथन और सुझावों को लेकर हितधारकों से संवाद बैठक शुक्रवार को केंद्रीय पर्यटन एवं रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट की अध्यक्षता में होटल रेडीसन ग्रीन में आयोजित हुई। इसमें होटल व्यवसायी, ट्यूरिस्ट ट्रेवल्स एजेंसी संचालक, गाइड एसोसिएशन, पर्यटन विशेषज्ञों आदि ने भाग लिया। बैठक में संभागियों ने उदयपुर में पर्यटन को लेकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

प्रारंभ में पर्यटन मंत्रालय उत्तर जोन के क्षेत्रीय निदेशक आर के सुमन ने केंद्रीय मंत्री सहित सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए मंत्रालय की ओर से पर्यटन विकास को लेकर उत्तर जोन में किए जा रहे कामों, सरकार के नीतिगत निर्णयों आदि की जानकारी दी। राज्य सरकार के पर्यटन विभाग की उप निदेशक शिखा सक्सेना ने विभाग की ओर से किए गए प्रयासों से अवगत कराया। केंद्रीय राज्य मंत्री भट्ट ने कहा कि मेवाड़ की धरा आत्मसम्मान की धरा है। यहां आते ही देश प्रेम व स्वाभिमान के भाव जाग्रत होते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऐतिहासिक पर्यटन का दौर है। पर्यटक ऐतिहासिक स्थलों को देखने और उसकी थातियों से रूबरू होने के लिए भ्रमण करता है। इसमें उदयपुर का विशेष स्थान है, इसलिए यहां पर्यटन विकास भी बहुत तेजी से हुआ है। उन्होंने केंद्र सरकार की ओर से पर्यटन विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों से अवगत कराते हुए बताया कि वर्तमान में 167 देशों को ई-वीजा सुविधा दी जा रही है, ताकि पर्यटक घर बैठे-बैठे भारत की ट्यूरिस्ट वीजा प्राप्त कर सके। इसके अलावा देश में अब तक 50 हजार युवा पर्यटन क्लब बनाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री भट्ट ने हितधारकों की ओर से दिए गए सुझावों का स्वागत किया। साथ ही हितधारकों की ओर से रखी गई समस्याओं का विभिन्न स्तर से समाधान कराने के लिए हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया।

बैठक में हितधारकों ने उदयपुर के महाराणा प्रताप हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे का दर्जा दिए जाने, विदेशी पर्यटकों की वन टाइम चेकिंग व्यवस्था लागू करने का सुझाव दिया।